JAGRAN CITY PAGE I

30 फीसद ने छोड़ी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में दो पालियों में हुआ एग्जाम 1,314 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में शनिवार से पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शुरू हो गई। कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुसार गेट नंबर दो और चार पर परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र, मास्क देखकर उन्हें अंदर जाने दिया गया। वे पालियों की प्रवेश परीक्षा में करीब दो हजार परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनके लिए परिसर में दो केंद्र बनाए गए।

लवि एवं सम्बद्ध कालेजों को मिलाकर 439 रेगुलर सीटों पर पीएचडी दाखिले होने हैं। पहले दिन शनिवार को सुबह 11 से 12.30 बजे प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षार्थी सुबह 10 बजे से पहले ही परिसर के गेट पर पहुंच गए। यहां प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों और कर्मचारियों ने उनका प्रवेश पत्र देखा। फोटो मिलान कर मास्क के साथ उन्हें अंदर जाने दिया गया। परीक्षा के लिए डा. केके सक्सेना ब्लाक (न्यू कामर्स) और पीजी ब्लाक को केंद्र बनाया गया। प्रो. आलोक कुमार राय ने सुबह की पाली में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया की प्रवेश परीक्षा की पहली पाली में 665 शामिल हुए, जबकि 262 अनुपस्थित रहे। वहीं, शाम की पाली में 649 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 290 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

90 मिनट में हल किए 70 प्रश्न: सुबह की पाली में कामर्स, पालिटिकल साइंस, फिलोसफी, बाटनी, साइकोलाजी, सोशल वर्क और दोपहर की पाली में तीन से शाम 4.30 बजे तक लॉ, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलाजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, एनसिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरियंटल संस्कृत, फ्रेंच, लिंगविस्टिक और सोशियोलाजी विषय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा हुई। पेपर बहुविकल्पीय पैटर्न पर था, जिसमें 35 प्रश्न संबंधित विषय और 35 प्रश्न रिसर्च मेथोडोलाजी के शामिल रहे। प्रवेश परीक्षा में बैग लाने के लिए सख्त मना किया गया था। फिर भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी बैग लेकर पहुंचे। लिहाजा, उनके बैग कमरे के बाहर रखवा दिए गए।

लखनऊ विश्वविद्यालय से पीएचडी की प्रवेश परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी ● जागरण

विज्ञान संकाय बोर्ड की बैठक में चार साल का स्नातक कोर्स पास

लखनऊ विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय बोर्ड की बैठक हुई। जंतु विज्ञान विभाग के सभागार में संकाय अध्यक्ष प्रो. बृजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जुलाजी, बाटनी, सांख्यिकी, फिजिक्स, मैथ, जियोलाजी, मानव विज्ञान, बीवाक और होम साइंस के स्नातक चार वर्षीय पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी गई। इसमें एक साल पर सर्टिफिकेट, दो साल पर डिप्लोमा, तीन साल में डिग्री और चार साल में रिसर्च विथ डिग्री दी जाएगी। बैठक में मैथ, कम्प्यूटर साइंस और सांख्यिकी विभाग में पीएचडी के टापिक और गाइड आवंटन को भी मंजूर कर लिया गया। शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के अनुसार शासन के स्नातक पाठ्यक्रम को अपनाने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद कुलपति ने सभी विभागों को पांच अगस्त तक अपना-अपना स्नातक का नया पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए कहा था। अब सोमवार को होने वाली काउंसिल की बैठक में सभी विभागों के स्नातक के नए पाठ्यक्रम को मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

विश्वविद्यालय में शुरू होंगे नए कोर्स : शैक्षिक सत्र 2021-22 से लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हुए चार नए जिलों हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली के वे कालेज जहां ऐसे पाठ्यक्रम संचालित हैं जो विश्वविद्यालय में नहीं पढ़ाए जाते हैं। एकेडमिक काउंसिल में उनके संचालन करने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रख जाएगा।

कर्मचारियों के प्रमोशन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को रिक्त 27 पदों पर कर्मचारियों को पदोन्नति दे दी। इनमें प्रधान सहायक के पांच पदों पर एमएस अख्तर, सरला देवी यादव, विजय कुमार पांडेय, वजरगबली और राम सेवक राम शामिल हैं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ सहायक के आठ पदों पर वीरेश चंद्र वर्मा, एस गौड़, सचिन कुमार, रत्ना, वीरेंद्र नारायन, अमित कुमार कश्यप, मनीष कुमार पांडेय और मनेश कुमार यादव को प्रोन्नत किया गया है।

वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के एक पद पर विनय कुमार को पदोन्नति दी गई। इसके अलावा हेड चपरासी के सात पदों पर रामचंद्र, माया मिश्रा, संतोष कुमार, राजेंद्र कुमार पांडेय, इंद्रमोहन, राम बहोरे और रामयज्ञ और दफ्तरी के छह पदों पर मोहम्मद अहमद, रमेश चंद्र, नागेश कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ, प्रदीप कुमार और तारा मिश्रा को प्रोन्नत किया गया है। इसके अलावा 117 कर्मचारियों को सुनिश्चित करियर प्रोन्नयन के अंतर्गत अगला ग्रेड पे भी स्वीकृत कर दिया गया।

सोशल वर्क विषय से पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा दी है। बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे। 35 विषय के और 35 रिसर्च मेथोडोलाजी के। विषय आधारित सोशल वेलफेयर एडमिनिस्ट्रेशन, पुस्तकों के लेखकों के नाम, केस वर्क, ग्रुप वर्क पर से जुड़े प्रश्न आए थे।

आकाश त्रिपाठी

कामर्स विषय में सांख्यिकी के ज्यादा प्रश्न थे। मिनि एंड माइक्रो फाइनेंस से जुड़ा प्रश्न भी था। रिसर्च मैथेडोलाजी का पार्ट मेरे लिए सामान्य रहा। ओवरआल 60 फीसद पेपर आसान रहा।

अंकिता तिवारी

कामर्स का पेपर मॉडरेट था। प्रश्नों को सीधे-सीधे पूछा गया था, इससे हल करने में दिक्कत नहीं हुई। इनकम टैक्स से तीन-चार प्रश्न आए थे। सांख्यिकी का पार्ट आसान रहा।

रूपेश कुमार

लॉ में रिसर्च मेथोडोलाजी थोड़ी कठिन रही। केस लॉ, थ्योरी पार्ट और इंटरनेशनल लॉ से भी प्रश्न आए थे। ओवरआल पेपर आसान रहा।

नरेंद्र कुमार

अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को मिलेगी निश्शुल्क शिक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को निश्शुल्क शिक्षा व छात्रावास की सुविधा दी जाएगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई वित्त समिति की बैठक में लिया गया। वह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने दी।

यूजी प्रवेश परीक्षाएं और बोर्ड परीक्षाएं साथ-साथ होने से छात्र परेशान

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं और सीबीएसई-आइसीएसई बोर्ड की इम्प्रूवमेंट की कई परीक्षाओं की तिथियां एक साथ होने से छात्र परेशान हैं। शनिवार को समाजवादी छात्र सभा ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को ज्ञापन देकर तिथियां बदलने की मांग उठाई। विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 24 से 31 अगस्त तक होनी हैं। समाजवादी छात्र सभा लखनऊ इकाई के अध्यक्ष कार्तिक पांडेय के मुताबिक इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आइएससी) 12वीं में 24 अगस्त को इकोनामिक्स, 25 अगस्त को बंगाली, हिंदी, मलयालम भाषा, 26 अगस्त को जियोग्राफी एवं 28 अगस्त को ड्राइंग एंड पेंटिंग विषय की परीक्षा है। इसी तरह सीबीएसई 12वीं में 25 से 31 अगस्त के बीच अंग्रेजी कोर, बिजनेस स्टडीज, पालिटिकल साइंस, फिजिकल एजुकेशन और अकाउंटिंग सहित अन्य विषयों की कम्पार्टमेंट परीक्षाएं हैं। छात्र सभा का कहना है कि विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाओं की वजह से बोर्ड के छात्र उसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। उनकी परेशानी देख छात्र सभा ने कुलपति को ज्ञापन देकर तिथियों में संशोधन करने की मांग उठाई। इस अवसर पर छात्र सभा के प्रदेश सचिव परवेज अहमद, छात्र नेता जीत यादव, दीपेश गुप्ता, इरफान, आकाश अवस्थी, प्रशांत शुक्ला, रमेश, अभिषेक सहित तमाम छात्र नेता मौजूद रहे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 6

लविवि में एसटी छात्राओं की पढ़ाई व हॉस्टल मुफ्त

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने यहां पढ़ने वाली अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को रक्षाबंधन पर बड़ा तोहफा दिया है। विवि प्रशासन ने उनको मुफ्त पढ़ाई व हॉस्टल की सुविधा देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई वित्त समिति की बैठक में लिया गया। वित्त अधिकारी को विस्तृत प्रस्ताव बनाकर देने को कहा गया है। अभी तक की व्यवस्था में एसटी छात्राओं को निशुल्क प्रवेश मिलता है। प्रवेश के समय वे पैसा जमा करके छात्रवृत्ति प्राप्त करती हैं। वहीं छात्रावास का उन्हें पूरा शुल्क जमा करना पड़ता है।

27 कर्मचारियों को पदोन्नति, 117 को अगला ग्रेड पे : लविवि प्रशासन ने अपने 27 कर्मचारियों को पदोन्नति और 117 कर्मचारियों को अगला ग्रेड पे स्वीकृत किया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पदोन्नति में प्रधान सहायक के 05 पदों पर, वरिष्ठ सहायक के 08 पदों पर, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के 01, हेड प्यून के 07, दफ्तरी के 06 पदों पर पदोन्नति दी गई है। उन्होंने बताया कि 117 कर्मचारियों को कैस के तहत अगला ग्रेड पे भी स्वीकृत किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आगाज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार से नियमित पीएचडी की प्रवेश परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन दो पालियों में एक दर्जन विषयों के लिए ओल्ड कैंपस स्थित दो केंद्रों पर परीक्षा हुई। इसमें 30 फीसदी छात्र अनुपस्थित रहे। अन्य विषयों की परीक्षा सोमवार को होगी।

पहले दिन सुबह की पाली में 11 बजे से 12.30 बजे तक कॉमर्स, राजनीति विज्ञान, फिलॉसफी, बॉटनी, मनोविज्ञान और सोशल वर्क विषयों की प्रवेश परीक्षा हुई। वहीं दूसरी पाली में दोपहर 03 बजे से 4.30 बजे तक विधि, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, भूगर्भ विज्ञान, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंसिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, भाषा विज्ञान तथा सोशियोलॉजी विषयों में परीक्षा हुई। परीक्षा में 70 बहुविकल्पीय सवाल पूछे गए थे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने पेपर को सामान्य बताया।

नए जुड़े कॉलेजों के कोर्सों को मिलेगी हरी झंडी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल की बैठक 23 अगस्त को होगी। इसमें लविवि से हाल ही में संबद्ध किए गए चार जिलों हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली के कॉलेजों के पाठ्यक्रम पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। साथ ही नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अनुसार चार वर्षीय स्नातक के लिए तैयार सिलेबस को भी हरी झंडी मिलेगी। जानकारी के अनुसार इन जिलों के कॉलेजों द्वारा कई ऐसे कोर्स चलाए जा रहे हैं जो लविवि में संचालित नहीं हो रहे हैं। उनको विवि से संचालित किए जाने व पाठ्यक्रम की स्वीकृति का प्रस्ताव एकेडमिक काउंसिल में रखा जाएगा। जिस पर आम सहमति बनने में कोई बाधा नहीं है। वहीं बैठक में एनईपी के अनुसार तैयार व विभिन्न संकाय परिषद व गवर्निंग बोर्ड से एप्रूव सिलेबस भी रखा जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 7

विषय से जुड़े सवालों से छात्रों को राहत

प्रवेश परीक्षा

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी स्नातक प्रवेश परीक्षा-2021-22 शनिवार से शुरू हुई। पीजी ब्लॉक और न्यू कामर्स ब्लॉक में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर दो पाली में परीक्षा हुई।

पहली पाली में कॉमर्स, पॉलिटिक्ल साइंस, फिलॉसफी, बॉटनी, मनोविज्ञान और समाज कार्य विषय की परीक्षा हुई और दूसरी पाली में विधि, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, भूगर्भ विज्ञान, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंसिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, भाषा विज्ञान और सोशियोलॉजी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रश्न पत्र सामान्य था। विषय से जुड़े सवाल पाठ्यक्रम से पूछे गए थे। रिसर्च मेथेडोलॉजी से जुड़े कुछ प्रश्न मुश्किल थे।

पहली पाली में परीक्षा सुबह 11 से 12.30 और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से 4.30 बजे तक हुई। बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र पर आधारित प्रवेश परीक्षा में 70 सवाल हल करने थे। जिसमें 35 सवाल विषय से सम्बंधित एवं 35 सवाल रिसर्च मेथोडोलॉजी से जुड़े पूछे गए। प्रवेश परीक्षा के पहले दिन 1866 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 552 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में 665 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और 262 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली 649 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 290 अनुपस्थित रहे। पीएचडी प्रवेश परीक्षा देकर अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई।

कल भी होगी प्रवेश परीक्षा

पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2021-22 दो दिन होनी है। अब 23 अगस्त को दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली में हिन्दी, अप्लाइड इकोनामिक्स, एंथ्रोपालिजी, पर्शियन, मेडिविएल एंड माडर्न हिस्ट्री, स्टैटिस्टिक्स, जूलॉजी, केमेस्ट्री, दूसरी पाली में अंग्रेजी, एजुकेशन, इकोनामिक्स, कम्प्यूटर साइंस, बायो केमेस्ट्री, फिजिक्स, अरेबिक एंड अरब कल्चर, उर्दू, मैथमैटिक्स की परीक्षा होगी।

NBT PAGE 7

अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को मुफ्त शिक्षा और छात्रावास की सुविधा

एलयू की वित्त समिति ने 27 कर्मचारियों को किया प्रमोट, 117 को अगला ग्रेड पे भी तय

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को अब मुफ्त शिक्षा और छात्रावास की सुविधा देगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में वित्त समिति की शनिवार को हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। एलयू कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान एलयू के खाली 27 पदों पर पदोन्नति भी की गई। वहीं, 117 कर्मचारियों को करियर प्रोन्नयन के तहत अगले ग्रेड पे देने पर भी सहमति बन गई है।

विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जिन 27 पदों पर पदोन्नति हुई है, उनमें प्रधान सहायक के पांच पद भी शामिल हैं। इनमें एसएम अख्तर, सरला देवी यादव, विजय कुमार पाण्डेय, वजरंग बली और राम सेवक राम को प्रमोट किया गया है।

साथ ही वरिष्ठ सहायक में पदोन्नति पाने वालों में वीरेश चन्द्र शर्मा, एस गौड़, सचिन कुमार, रत्ना, वीरेन्द्र नारायन, अमित कुमार कश्यप, मनीष कुमार पाण्डेय और मनेश कुमार यादव हैं। वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक में विनय कुमार की पदोन्नति की गई है। कुलसचिव ने बताया कि हेड प्यून के सात पदों में प्रमोट होने वालों में रामचन्द्र, माया मिश्रा, संतोष कुमार, राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, इन्द्रमोहन, राम बहोरे और रामयज्ञ हैं, जबकि दफ्तरी में रमेश चन्द्र, नागेश कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ, प्रदीप कुमार, तारा शर्मा और मोहम्मद अहमद को पदोन्नति दी गई है।

एलयू में 15 विषयों में हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी में शनिवार को पहले फेज में 15 विषयों की प्रवेश परीक्षा करवाई गई। इन्हें दो पालियों में रखा गया था। परीक्षा समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि कुल 1314 परीक्षार्थी परीक्षा देने आए और 552 ने परीक्षा छोड़ी है। पहली पाली में 665 और दूसरी पाली में 649 अभ्यर्थी परीक्षा देने आए।

उन्होंने बताया कि सुबह 11 से दोपहर 12:30 तक पहली पाली में कॉमर्स, राजनीतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, फिलॉसफी, मनोविज्ञान और सामाजिक कार्य में प्रवेश परीक्षा करवाई गई। दोपहर तीन से शाम 4:30 तक हुई दूसरी पाली में विधि, पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन, भूगर्भ विज्ञान, पश्चिमी इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास, समाजशास्त्र, एंशिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच और भाषा विज्ञान विषयों में परीक्षा हुई।

1314 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 552 ने छोड़ी सोमवार को 21 विषयों में होनी है प्रवेश परीक्षा

परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षार्थियों को 90 मिनट में 70 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देने थे। संबंधित विषय से कुल 35 सवाल पूछे गए, जबकि 35 सवाल शोध से आए। हरेक प्रश्न का एक अंक निर्धारित था। निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई थी।

प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि सोमवार को पीएचडी में दाखिले के लिए दूसरे फेज की परीक्षा भी दो पालियों में करवाई जाएगी। पहली पाली सुबह 11 से दोपहर 12:30 तक और दूसरी पाली में दोपहर तीन से शाम 4:30 तक प्रवेश परीक्षा होगी। सभी परीक्षार्थियों को एक घंटा पहले परीक्षा कक्ष में आना होगा। यूनिवर्सिटी इस बार कुल 36 विषयों में पीएचडी की 448 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा करवा रही है। एलयू में 331 पीएचडी सीटों और संबद्ध कॉलेजों की 117 पीएचडी सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

दो पालियों में संपन्न हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ (एसएनबी)। शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में दो पालियों में विभिन्न विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। सुबह की पारी 11 बजे से 12.30 तक रही, जिसमें कॉमर्स, पोलिटिकल साइंस, फिलॉसफी, बॉटनी, मनोविज्ञान और सोशल वर्क विषयों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। अपराह्न तीन से 4.30 बजे तक की गयी, जिसमें विधि, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, भूगर्भ विज्ञान, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंसिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, भाषा विज्ञान तथा

सोशियोलॉजी विषयों में परीक्षा हुई। परीक्षा समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया की लविवि के पीएचडी प्रवेश परीक्षा की प्रथम पारी में कुल 665 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और 262 अनुपस्थित रहे। अपराह्न की पारी में कुल 649 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

अजा की छात्राओं को मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल देगा लविवि : के कुलपति की अध्यक्षता में वित्त समिति की वैठक हुई। वैठक में प्रस्ताव पास किया कि लविवि अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगा, साथ ही उन छात्राओं को व हॉस्टल की सुविधा भी मुफ्त में प्रदान की जाएगी।

i-NEXT PAGE II & IV

लखनऊ यूनिवर्सिटी में 4 साल का यूजी कोर्स पास

विज्ञान संकाय बोर्ड की बैठक में निर्णय

CONCEPT PIC

LUCKNOW (21 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को विज्ञान संकाय बोर्ड की बैठक आयोजित की गई. जंतु विज्ञान विभाग के सभागार में संकाय अध्यक्ष प्रो. बृजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जुलाजी, बाटनी, सांख्यिकी, फिजिक्स, मैथ, जियोलाजी, मानव विज्ञान, बीवोक और होम साइंस के स्नातक चार वर्षीय पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी गई. इसमें एक साल पर सर्टिफिकेट, दो साल पर डिप्लोमा, तीन साल में डिग्री और चार साल में रिसर्च विथ डिग्री दी जाएगी.

मंजूरी के लिए रखा था प्रस्ताव

बैठक में मैथ, कम्प्यूटर साइंस और सांख्यिकी विभाग में पीएचडी के टॉपिक और गाइड आवंटन को भी मंजूर कर लिया गया. विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के अनुसार शासन के स्नातक पाठ्यक्रम को अपनाने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद कुलपति ने सभी विभागों को पांच अगस्त तक अपना-अपना स्नातक का नया पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए कहा था. अब सोमवार को होने वाली एकेडमिक काउंसिल की बैठक में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के स्नातक के नए पाठ्यक्रम को मंजूरी के लिए रखा जाएगा.

विश्वविद्यालय में शुरू होंगे नए कोर्स

शैक्षिक सत्र 2021-22 से लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हुए चार नए जिलों हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली के वे कालेज जहां ऐसे पाठ्यक्रम संचालित हैं जो विश्वविद्यालय में नहीं पढ़ाए जाते हैं. एकेडमिक काउंसिल में उनके संचालन करने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रख जाएगा.

42 फीसद ने छोड़ा पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम

एलयू में दो पालियों में 1,314 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

● एलयू कैंपस में एग्जाम देते कैंडीडेट्स.

LUCKNOW (21 Aug) : लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में शनिवार से पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शुरू हो गई. कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुसार गेट नंबर दो और चार पर परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र, मास्क देखकर उन्हें अंदर जाने दिया गया. दो पालियों की प्रवेश परीक्षा में करीब दो हजार परीक्षार्थी पंजीकृत थे. इनके लिए परिसर में दो केंद्र बनाए गए.

कोविड प्रोटोकॉल हुआ फॉलो

एलयू एवं सम्बद्ध कॉलेजों को मिलाकर 439 रेगुलर सीटों पर पीएचडी दाखिले होने हैं. पहले दिन शनिवार को सुबह 11 से 12.30 बजे प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षार्थी सुबह 10 बजे से पहले ही परिसर के गेट पर पहुंच गए. यहां प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों और कर्मचारियों ने उनका प्रवेश पत्र देखा. फोटो मिलान कर मास्क के साथ उन्हें अंदर जाने दिया गया. परीक्षा के लिए डॉ. केके सक्सेना ब्लाक (न्यू कॉमर्स) और पीजी ब्लाक को केंद्र बनाया गया. प्रो. आलोक कुमार राय ने सुबह की पाली में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. परीक्षा समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया की प्रवेश परीक्षा की पहली पाली में 665 शामिल हुए, जबकि 262 अनुपस्थित रहे. वहीं, शाम की पाली में 649 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 290 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी.

90 मिनट में हल किए 70 प्रश्न

सुबह की पाली में कामर्स, पॉलिटिकल साइंस, फिलॉसफी, बाटनी, साइकोलाजी, सोशल वर्क और दोपहर की पाली में तीन से शाम 4.30 बजे तक लॉ, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलाजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, एनसिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरियंटल संस्कृत, फ्रेंच, लिंगविस्टिक और सोशियोलाजी विषय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा हुई. पेपर बहुविकल्पीय पैटर्न पर था, जिसमें 35 प्रश्न संबंधित विषय और 35 प्रश्न रिसर्च मेथोडोलाजी के शामिल रहे. प्रवेश परीक्षा में बैग लाने के लिए सख्त मना किया गया था. फिर भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी बैग लेकर पहुंचे. लिहाजा, गेट के पास चेकिंग कर उनके बैग कमरे के बाहर रखवा दिए गए.

लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं संबद्ध कॉलेजों को मिलाकर 439 रेगुलर सीटों पर पीएचडी दाखिले होने हैं. इसे लेकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए एंट्रेंस कराया गया.

इस बार पेपर आसान आया...

"सोशल वर्क विषय से पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा दी है. बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे. 35 विषय के और 35 रिसर्च मेथोडोलाजी के. विषय आधारित सोशल वेलफेयर एडमिनिस्ट्रेशन, पुस्तकों के लेखकों के नाम, केस वर्क, ग्रुप वर्क पर से जुड़े प्रश्न आए थे. मैंने जैसा सोचा था, कुल मिलाकर पेपर उसी तरह का आया है. **आकाश त्रिपाठी**

कॉमर्स विषय में सांख्यिकी के ज्यादा प्रश्न थे. मिनि एंड माइक्रो फाइनेंस से जुड़ा प्रश्न भी था. रिसर्च मैथेडोलाजी का पार्ट मेरे लिए सामान्य रहा. ओवरआल 60 फीसद पेपर आसान रहा. **अंकिता तिवारी**

कॉमर्स का पेपर मॉडरेट था. प्रश्नों को सीधे-सीधे पूछा गया था, इससे हल करने में दिक्कत नहीं हुई. इनकम टैक्स से तीन-चार प्रश्न आए थे. सांख्यिकी का पार्ट उम्मीद से आसान रहा. **रुपेश कुमार**

लॉ में रिसर्च मेथोडोलाजी थोड़ी कठिन रही. केस लॉ, थ्योरी पार्ट और इंटरनेशनल लॉ से भी प्रश्न आए थे. ओवरआल पेपर आसान रहा. **नरेंद्र कुमार**

एग्जाम के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं आई.

लविवि कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश शनिवार को जारी किए गए। जिसमें प्रधान सहायक के पांच पदों पर कर्मिकों को पदोन्नति दी गई। इसके साथ ही वरिष्ठ सहायक के 8 पदों पर कार्मिकों को पदोन्नति मिली। साथ ही हेड प्यून के सात और दफ्तरी के छह कार्मिको की पदोन्नति के आदेश जारी किए गए। इसके अतिरिक्त 117 कर्मचारियों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन के अन्तर्गत अगला ग्रेड पे स्वीकृत किया गया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

लविवि यूजी प्रवेश परीक्षा के दौरान स्थगित रहेंगी कक्षाएं, कैंपस में ही होंगी विस्तार

स्वतंत्र भारत लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की 24 से 31 अगस्त तक प्रस्तावित स्नातक प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय के दोनों (ओल्ड व न्यू) परिसर में आयोजित होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बृहस्पतिवार को विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। उक्त तिथियों में विश्वविद्यालय में भौतिक शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। जबकि 21 व 23 अगस्त को पीएचडी प्रवेश परीक्षा ओल्ड कैंपस के डॉ. केके सक्सेना ब्लॉक न्यू कॉमर्स व पीजी ब्लॉक में आयोजित की जाएगी। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 24 अगस्त को सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीवोक, दोपहर 03 से 4.30 बजे तक बीजेएमसी, 25 अगस्त को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे तक बीएलएड, दोपहर 03 से 4.30 बजे तक बीएससी मैथ्स, 26 अगस्त को सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीएससी एजी, दोपहर 03 से 4.30 बजे तक बीएससी बायो, 27 अगस्त को सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीबीए व बीबीए टूरिज्म, दोपहर 03 से 4.30 बजे तक एलएलबी ऑनर्स, 28 अगस्त को सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीसीए, दोपहर 03 से 4.30 बजे तक बीए, 31 अगस्त को सुबह 11 से 12.30 बजे तक बीवीए/बीएफए व दोपहर 03 से 4.30 बजे तक बीकॉम की प्रवेश परीक्षा का आयोजन विवि के दोनों परिसर में किया जाएगा। स्नातक प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंकों का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। विवि की स्नातक प्रवेश परीक्षा में 4123 सीटों (लविवि कैंपस) के लिए 48,022 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। दूसरी तरफ चीफ प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने 21 व 23 अगस्त को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।

TIMES OF INDIA PAGE 3

1,000 candidates appear in PhD entrance, 30% skip it

TIMES NEWS NETWORK

V Sunil

Aspirants coming out of the examination centre on Saturday

Lucknow: Holding sanitizer bottles and wearing masks, around 1,000 candidates appeared for the Lucknow University PhD entrance on Saturday. About 1,866 candidates were scheduled to appear for the entrance but 1,314 finally wrote the exam. Around 30% of candidates skipped the entrance.

The examination was held amid Covid protocols.

Candidates said research methodology section in the question paper was tough while the difficulty level of subject-specific questions was between moderate to easy.

"